# रोनाल्डो ने बनाया रिकॉर्ड



**ह्यूस्टन , 23 जून. फीफा वर्ल्ड कप में फुटबॉल प्रेमियों को मंगलवार को एक बार फिर उस खिलाड़ी का जलवा देखने को मिला, जिसे आधुनिक युग का सबसे महान खिलाड़ी माना जाता है क्रिस्टियानो रोनाल्डो. पुर्तगाल के इस 41 वर्षीय दिग्गज ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले में दो शानदार गोल दागकर न केवल अपनी टीम को 5-0 की बड़ी जीत दिलाई, बल्कि एक ऐसा ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया, जिसकी बराबरी करना आने वाले समय में लगभग असंभव माना जा रहा है.**

मैच की शुरुआत से ही पुर्तगाल ने आक्रामक रुख अपनाया और रोनाल्डो ने छठे ही मिनट में पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिला दी. इसके बाद 39वें मिनट में उन्होंने एक और बेहतरीन फिनिश करते हुए अपना दूसरा गोल पूरा किया. उनकी यह आक्रामकता पूरे मैच में पुर्तगाल की ताकत बनी रही और टीम ने उज्बेकिस्तान को पूरी तरह दबाव में रखा. पुर्तगाल की ओर से नूनो मेंडिस, राफेल और एक आत्मघाती गोल की मदद से स्कोर 5-0 तक पहुंचा, जिससे टीम ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की और ग्रुप टेबल में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया. इस प्रदर्शन के साथ रोनाल्डो ने इतिहास रच दिया. वह पहले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने छह अलग-अलग फीफा वर्ल्ड कप संस्करणों में कम से कम एक गोल किया है. यह उपलब्धि इस खेल के इतिहास में बेहद दुर्लभ और लगभग असंभव मानी जा रही है, क्योंकि इसे तोड़ने के लिए किसी खिलाड़ी को कम से कम सात वर्ल्ड कप में लगातार गोल करना होगा. इसके अलावा, रोनाल्डो ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया वह फीफा वर्ल्ड कप में दो या उससे अधिक गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं. इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया. साथ ही वह वर्ल्ड कप में गोल करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए हैं, जहां उनसे आगे केवल रोजर मिल्ला का नाम आता है.



## क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराया

**ह्यूस्टन, 24 जून .** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एल मुकाबले में क्रोएशिया ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पनामा को 1-0 से हराया . टोरंटो स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ ही क्रोएशिया ने तीन अहम अंक भी हासिल किए . क्रोएशिया के खिलाफ मिली हार के साथ ही पनामा के अगले राउंड में पहुंचने की उम्मीदें भी खत्म हो गई हैं . क्रोएशिया ने यह अहम जीत टीम के स्टार खिलाड़ी लुका मोड्रिक के 200वें मैच में हासिल की . लुका मोड्रिक फीफा वर्ल्ड कप में क्रोएशिया के पिछले 21 मैचों में लगातार टीम का हिस्सा रहे हैं . यह शानदार सिलसिला 2006 में जापान के खिलाफ खेले गए उनके दूसरे ग्रुप स्टेज मैच से शुरू हुआ था और तब से वे हर मुकाबले में क्रोएशिया के लिए योगदान दे रहे हैं . टोरंटो स्टेडियम में पहले हाफ में पनामा ने क्रोएशिया के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया . 23वें मिनट में पनामा को गोल करने का एक शानदार मौका मिला, जब जोस लुइस रोड्रिगेज ने जोरदार हेडर लगाया . हालांकि, क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने शानदार बचाव करते हुए गेंद को क्रॉसबार पर टिप कर दिया और गोल होने से बचाया . दूसरे हाफ के बाद क्रोएशिया ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत की . मुकाबले के 54वें मिनट में क्रोएशिया 1-0 की बढ़त हासिल करने में सफल रही . जोसिप स्टैनिसिक के दाईं ओर से आए शानदार लो क्रॉस को सब्सटीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर आए एंटे बुदिमिर ने गोल में तब्दील किया . तीन मिनट बाद मार्को पासालिक के पास अपनी टीम की बढ़त को दोगुना करने का शानदार मौका था, लेकिन पहले पनामा के गोलकीपर ऑरलैंडो मॉस्केरा ने उन्हें रोक दिया और फिर रिबाउंड पर वह गोल करने से चूक गए . पनामा ने भी मैच में कुछ मौके बनाए, लेकिन क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच शानदार फॉर्म में दिखे और उन्होंने कई अहम बचाव किए . इसी वजह से पनामा वर्ल्ड कप में अपना पहला अंक हासिल करने के लिए जरूरी गोल करने में नाकाम रहा .



## इंग्लैंड और घाना के बीच मुकाबला 0-0 से रहा ड्रॉ

**ह्यूस्टन , 24 जून .** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप एल में इंग्लैंड और घाना के बीच खेला गया मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर खत्म हुआ . घाना के डिफेंस ने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया . इंग्लैंड ने मैच में पहला बड़ा मौका 13वें मिनट में बनाया, जब डेक्लान राइस की लंबी दूरी की फ्री-किक गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गई . इसके बाद इंग्लैंड ने लगातार दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जॉर्डन अयू और रीस जेम्स की टक्कर के कारण खेल कुछ देर के लिए रुक गया . इसके बाद में हुए हाइड्रेशन ब्रेक ने भी मैच की लय को प्रभावित किया, जिससे इंग्लैंड की बढ़त बनाने की कोशिशों की रफ्तार धीमी पड़ गई . पहले हाफ में जूड बेलिंगहैम का एक शॉट घाना के दो डिफेंडर ने ब्लॉक किया . वहीं, राइस ने नोनी मडुके के क्रॉस पर हेडर लगाया, लेकिन उन्हें भी सफलता नहीं मिली . हाफ टाइम से ठीक पहले कप्तान हैरी केन के पास गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन वह भी घाना के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे . दूसरे हाफ में इंग्लैंड ने और तेजी से हमले किए . इलियट एंडरसन का करीब से लगाया गया हेडर ब्लॉक हो गया, जबकि एंथनी गॉर्डन के शॉट को घाना के गोलकीपर बेंजामिन असारे ने शानदार तरीके से बचा लिया .

## कोलंबिया ने डीआर कांगो को 1-0 से हराया



ह्यूस्टन . फीफा वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप के मुकाबले में कोलंबिया ने डीआर कांगो को 1-0 से हराया . ग्वाडालाहारा स्टेडियम में मिली इस जीत के साथ ही कोलंबिया ने एक मैच बाकी रहते हुए ही राउंड ऑफ 32 में अपनी जगह बना ली है . मैच का एकमात्र और निर्णायक गोल दूसरे हाफ में डेनियल मुनोज ने किया . मुनोज ने एक डिफ्लेक्टेड शॉट पर गोल दागकर कांगो के मजबूत डिफेंस को भेदा . इससे पहले, मैच में डीआर कांगो के गोलकीपर लियोनेल मपासी ने कई शानदार बचाव किए और कोलंबिया के कई शॉट्स गोल पोस्ट में जाने से रोके . पहले हाफ में कोलंबिया ने लगातार दबाव बनाया . जेम्स रोड्रिगेज, लुइस डियाज, और गुस्तावो पुएर्ता के शॉट्स को मपासी ने बेहतरीन बचाव करते हुए गोल में तब्दील नहीं होने दिया . डेनियल मुनोज ने भी कई मौके बनाए, लेकिन शुरुआती हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी . डीआर कांगो के पास भी गोल करने के कई मौके आए, लेकिन टीम इन्हें भुनाने में नाकाम रही . एडो कायम्बे का एक लंबी दूरी का शॉट बाहर चला गया . वहीं, योएन विसा का हेडर भी गोल पोस्ट में नहीं पहुंच सका . दूसरे हाफ में कोलंबिया ने आक्रामक खेल दिखाया और डीआर कांगो के डिफेंस पर दबाव बनाने का प्रयास किया . लुइस डियाज ने गोल करने का शानदार मौका बनाया, लेकिन एक बार फिर डीआर कांगो के गोलकीपर मपासी उनके सामने चट्टान की तरह खड़े रहे . डीआर कांगो के मजबूत डिफेंस को देखकर एक समय पर लग रहा था कि यह मुकाबला ड्रॉ रहेगा, लेकिन मैच के 76वें मिनट में आखिरकार मुनोज को सफलता मिली और उन्होंने कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई . मैच में लुइस डियाज के दो गोल ऑफसाइड करार दिए गए, जिससे कोलंबिया की बढ़त और बड़ी नहीं हो सकी .

# राजस्थान का बेटा अब आयरलैंड से खेलेगा

**जयपुर, 24 जून. राजस्थान के टोंक से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच तक पहुंचने वाले जय मुंद्रा की कहानी मेहनत, संघर्ष और सपनों को साकार करने का प्रेरक उदाहरण बन गई है.**

जय का चयन आयरलैंड की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में हुआ है और वह 26 जून से शुरू होने वाली टी20 श्रृंखला में भारत के खिलाफ खेलते नजर आएंगे. यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे राजस्थान के लिए गर्व का विषय बन गई है. जय मूंदड़ा ने अपनी



शुरुआती पढ़ाई और क्रिकेट की बुनियाद राजस्थान में ही रखी. वर्ष 2021 में वह उच्च शिक्षा के लिए आयरलैंड गए, जहां उन्होंने एम.टेक की पढ़ाई शुरू की. पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने स्थानीय क्रिकेट में भी हिस्सा लिया और अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया.

## नीदरलैंड्स ने जीता प्रो लीग खिताब

**नई दिल्ली.** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 का चैंपियन बनने के बाद नीदरलैंड्स ने लॉस एंजेलिस 2028 के लिए पहला महिला हॉकी कोटा हासिल किया. लंदन में अर्जेंटीना के स्पेन से 2-1 से हारने के बाद नीदरलैंड्स की सफलता पक्की हो गई. नीदरलैंड्स की करीबी प्रतिद्वंद्वी बेल्जियम ने ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच ड्रॉ और फिर शूटआउट में बोनस पॉइंट हासिल किया. पेरिस 2024 के मौजूदा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जगह पक्की करने वाली पहली टीम बन गई है और लॉस एंजेलिस 2028 के लिए पहले से तय टीमों में मेज़बान देश अमेरिका के साथ शामिल हो गई है.

# पद्म श्री से सम्मानित हुईं सविता पूनिया

**नई दिल्ली, 24 जून. भारतीय महिला हॉकी टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को पद्म श्री से सम्मानित किए जाने पर हॉकी इंडिया ने उन्हें बधाई दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सविता को देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया.**

इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए हॉकी इंडिया ने सविता को भारतीय खेलों की सच्ची आइकन बताया. संगठन ने कहा कि यह सम्मान भारतीय हॉकी में एक दशक से अधिक समय तक दिए गए उनके असाधारण योगदान की



उचित पहचान है.

हॉकी इंडिया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'एक सच्चे आइकन के लिए पद्म श्री. भारतीय महिला हॉकी की दिग्गज खिलाड़ी सविता को भारतीय खेलों में उनके शानदार योगदान के लिए माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से पद्म श्री मिला. एक खिलाड़ी के लिए यह बहुत बड़ा सम्मान है, जिसने एक दशक से ज्यादा समय तक भारत के गोल पोस्ट की रक्षा की है और अपनी प्रतिभा, साहस तथा नेतृत्व क्षमता से लाखों लोगों को प्रेरित किया है.









# आईसीसी रैंकिंग में 36 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

▶ बुमराह-हेनरी बने संयुक्त नंबर-1 गेंदबाज

**दुबई, 24 जून. आईसीसी की ताजा रैंकिंग ने क्रिकेट जगत में बड़ा हलचल पैदा कर दिया है. टेस्ट, वनडे और व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर जारी नई रैंकिंग में कई खिलाड़ियों ने लंबी छलांग लगाई है, जबकि कुछ रिकॉर्ड भी टूटे हैं.**

सबसे बड़ा बदलाव टेस्ट गेंदबाजों की सूची में देखने को मिला, जहां भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और न्यूजीलैंड के मैट हेनरी संयुक्त रूप से दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं. मैट हेनरी ने हालिया शानदार प्रदर्शन के दम पर छह स्थानों की छलांग लगाई और 870 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया.

> भारतीय क्रिकेट के लिए सबसे सुखद खबर वनडे रैंकिंग से आई, जहां विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 21 स्थानों की बड़ी छलांग लगाई . हाल के मैचों में लगातार अच्छे प्रदर्शन का उन्हें सीधा फायदा मिला है . इतनी बड़ी छलांग रैंकिंग में कम ही देखने को मिलती है .

यह उपलब्धि न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक मानी जा रही है. दरअसल, 36 वर्षों के बाद किसी न्यूजीलैंड गेंदबाज ने टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 स्थान प्राप्त किया है. इससे पहले महान रिचर्ड हैडली 1980 के दशक में इस मुकाम तक पहुंचे थे. हेनरी अब टेस्ट इतिहास में नंबर-1 रैंकिंग पाने वाले न्यूजीलैंड के केवल तीसरे गेंदबाज बन गए हैं.

# मनिका ने चयन प्रक्रिया पर उठाए सवाल

## एशियाई खेल चयन पर बढ़ा विवाद

**नई दिल्ली, 24 जून. भारतीय टेबल टेनिस में एक नया विवाद तब शुरू हो गया जब स्टार पैडलर मनिका बत्रा ने एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल न किए जाने पर टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी.**

31 वर्षीय ओलंपियन और भारत की टॉप-रैंक वाली महिला सिंगल्स खिलाड़ी को 10 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं



किया गया और केवल रिज़र्व खिलाड़ियों की सूची में रखा गया. यह फ़ैसला चयन के उन मानदंडों के आधार पर लिया गया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अनिवार्य भागीदारी से जुड़े हैं. बत्रा ने इस प्रक्रिया को चुनौती दी है. उनका कहना है कि वह कोई विशेष व्यवहार या फ़ैसले को पलटने की मांग नहीं कर रही हैं, बल्कि यह जानना चाहती हैं कि चयन किस आधार पर किया गया. उन्होंने एक सार्वजनिक बयान में कहा, 'मैं चुने जाने की मांग नहीं कर रही हूं. मैं किसी से फ़ैसला पलटने के लिए नहीं कह रही हूं. मैं बस जवाब चाहती हूं.' उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि पारदर्शिता और जवाबदेही उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं.

## पाक क्रिकेट में बड़ा बदलाव, अलग टीमें तैयार

**लाहौर.** पाकिस्तान क्रिकेट में आने वाले समय में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों टेस्ट, वनडे और टी20 के लिए अलग-अलग टीमों के गठन की योजना पर गंभीरता से विचार कर रहा है. इस नई रणनीति का उद्देश्य खिलाड़ियों के कार्यभार को बेहतर ढंग से प्रबंधित करना और प्रत्येक फॉर्मेट के लिए विशेषज्ञ खिलाड़ियों का मजबूत समूह तैयार करना है. पीसीबी एक नए फॉर्मेट-आधारित सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम पर भी काम कर रहा है.

# इंग्लैंड दौरे पर तैयारी करेंगे वैभव, अलग ड्रेसिंग रूम मिला

**लंदन, 24 जून. इंग्लैंड में पांच मैचों की टी 20 सीरीज़ के दौरान वैभव सूर्यवंशी भारतीय दल से इतर अलग ड्रेसिंग रूम का इस्तेमाल करेंगे. यह फ़ैसला 16 से कम उम्र के खिलाड़ियों की सुरक्षा से संबंधित आईसीसी और ईसीबी की नीतियों के अनुसार लिया गया है.**

15 वर्षीय सूर्यवंशी को मैचों के दौरान और टीम की चर्चा के दौरान भारतीय ड्रेसिंग रूम का इस्तेमाल करने की अनुमति होगी लेकिन पांचों वेन्यू पर उन्हें कपड़े बदलने के लिए अलग ड्रेसिंग रूम





का इस्तेमाल करना होगा. हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह नियम आयरलैंड के ख़िलाफ़ दो टी 20 मुक़ाबलों के लिए लागू होगा या नहीं जो कि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ सीरीज़ से पहले खेला जाना है.

टी-20 वर्ल्डकप ▶ स्मृति-शेफाली की जोड़ी भारत के लिए सबसे सकारात्मक रही

# सेमीफाइनल टिकट के लिए भारत तैयार

**मैनचेस्टर, 24 जून. आईसीसी महिला टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार के बाद, भारत गुरुवार को मैनचेस्टर में ग्रुप ए के अहम मुकाबले में बंगलादेश का सामना करते हुए अपने खेल की कुछ चिंताजनक कमियों को दूर करने की कोशिश करेगा.**

हालांकि टीम सेमीफाइनल की दौड़ में अच्छी स्थिति में है, लेकिन मिडिल-ऑर्डर की





बल्लेबाजी और फील्डिंग में गलतियों को लेकर चिंताएं बनी हुई हैं. स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की ओपनिंग जोड़ी अब तक भारत के लिए सबसे सकारात्मक पहलू रही है. मंधाना ने अब तक तीन मैचों में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है. दोनों ने 154 से ऊपर का स्ट्राइक रेट बनाए रखा है और लगातार भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई है.

> हालांकि, समस्या यह रही है कि इन शुरुआती अच्छी पारियों को मैच जिताने वाले बड़े स्कोर में नहीं बदला जा सका है . भारत का मिडिल-ऑर्डर ओपनर्स द्वारा बनाए गए मोमेंटम को बनाए रखने में संघर्ष करता रहा है . कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और यास्तिका भाटिया सभी के लिए तेजी से रन बनाना मुश्किल रहा है, जिससे अक्सर अहम मौकों पर पारी धीमी हो जाती है .

## इंग्लैंड ने घोषित की टी 20 टीम

**लंदन.** टीम इंडिया अगले महीने इंग्लैंड का दौरा करने वाली है. इस टूर पर भारत को पांच टी 20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है. 1 जुलाई से शुरू हो रही टी 20 सीरीज के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने अपनी 17 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है. टीम की कमान हैरी ब्रूक को सौंपी गई है. खास बात ये है कि इस टीम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तीन खिलाड़ियों को भी जगह मिली है. भारत के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज टी20 सीरीज के लिए चुनी गई इंग्लैंड टीम में आरसीबी के तीन स्टार प्लेयर्स शामिल हैं.

# रोहित शर्मा को पद्मश्री से किया सम्मानित

**नई दिल्ली, 24 जून. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अपनी कप्तानी में भारत को टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा को पिछले 2 दशक में भारतीय क्रिकेट में उनके असाधारण योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है.**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार शाम को राष्ट्रपति भवन में रोहित शर्मा को सम्मानित किया. रोहित शर्मा आधुनिक क्रिकेट में दुनिया के बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में से एक रहे हैं. तीनों फॉर्मेट में रोहित ने अपनी



बल्लेबाजी और कप्तानी में करिश्माई प्रदर्शन किया है. मध्यक्रम बल्लेबाज के रूप में अपने करियर का आगाज करने वाले रोहित ने 2013 से बतौर सलामी बल्लेबाज खेलना शुरू किया था और पिछले एक दशक में महानतम ओपनर के रूप में खुद को स्थापित किया है.

रोहित शर्मा ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज 23 जून 2007 को आयरलैंड के खिलाफ वनडे से किया था. अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के ठीक 19 साल बाद उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया है.